आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

10.08.2024 समय : 1850

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बैंकों में कोर बैंकिंग पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया है।
- पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने फोरेन्सिक साइंस लेबरोटरी के लिए एक नया लोगो जारी किया।
- अंडमान निकोबार चिकित्सा संस्थान में एम बी बी एस की एक सौ चौदह सीटों के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है।
- पेरिस ओलम्पिक में भारत को एक और पदक मिला।
- द्वीपसमूह में कीर्ति कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बैंकों में कोर बैंकिंग पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया है। आज नई दिल्ली में रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में वित्तमंत्री ने बैंकों से जमा और उधारी राशि से संबंधित प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार बैंकिंग नियम संशोधन ला रही है जिसका लंबे समय से इंतजार था। उन्होंने कहा कि संशोधनों में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण पुनर्गठन संशोधन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रावधानों की शुरूआत एक ग्राहक–अनुकूल कदम है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ग्राहकों के पास व्यक्तियों को नामांकित करने का विकल्प है और नामांकित व्यक्ति आसानी से अपने उचित अधिकारों का दावा कर सकता है। इस अवसर पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि बैंक ब्याज दरों पर फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि जमा और उधारी पर ब्याज दर विनियमित होते रहते हैं।

<><><><><><><>

पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने फोरेन्सिक साइंस लेबरोटरी के लिए एक नया लोगो जारी किया। पुलिस मुख्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में श्री देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग की गतिविधियों पर जानकारी देते हुए कहा कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह देश का पहला संघशासित प्रदेश है, जिसने ई–फॉरेन्सिक का कियान्वयन और पेपर रहित प्रणाली को अपनाया। इस नए लोगो का डिजाइन जगजीवन राम ने किया है।

उधर, अंडमान निकोबार पुलिस ने सीनियर सेकेण्डरी स्कूल गाराचरमा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। गैर सरकारी संगठन प्रयास और जे ई सी के सहयोग से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान आत्महत्या को रोकने, पॉक्सो अधिनियम और बचाव, नशाखोरी तथा यातायात सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। लघु नाटिका का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चिकित्सा संस्थान में एम बी बी एस की एक सौ चौदह सीटों के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है। नीट यूजी दो हजार चौबीस उत्तीर्ण छात्रों को अखिल भारतीय कोटा परामर्श और राज्य कोटा परामर्श के जरिए प्रवेश दिया जाएगा। कुल एक सौ चौदह सीटों में से सत्रह सीटे एन सी सी द्वारा ऑनलाइन परामर्श के जरिए भरा जाएगा, जबकि सत्तानब्बे सीटे राज्य कोटा के तहत भरे जाएंगे। इनमें से दस सीटे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए होगा। प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों को सामान्य प्रवेश ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। यह कार्य चौदह अगस्त को दिन मे दस बजे से आरंभ

होगा। बीस अगस्त की शाम पांच बजे ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। अस्थाई योग्यता सूची इक्कीस अगस्त को जारी होगी। दावे और आपत्तियां बाईस अगस्त की शाम पांच बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। योग्यता सूची तेईस अगस्त को जारी होगी। सत्ताईस और अट्ठाईस अगस्त को सुबह नौ बजे से पहले चरण का परामर्श और दस्तावेजों की जांच का कार्य किया जाएगा। दूसरे चरण का यह कार्य सत्रह सितम्बर को होगा। उम्मीदवार निर्धारित शुल्क वापसी के साथ तीस अक्तूबर तक प्रवेश से नाम वापस ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अनिम्स के प्रवेश प्रकोष्ठ पर फोन पर या वेबसाइट से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

हर घर तिरंगा के तहत नगरपालिका परिषद की ओर से तिरंगा रैली निकाली गई। परिषद के अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा और सचिव अमित काले ने इस रैली को झंडा दिखाकर रवाना किया। नगरपालिका अध्यक्ष ने अपने संबोधन में सभी से अपने–अपने घरों में गर्व के साथ तिरंगा फहराने को कहा।

<><><><><><>

पेरिस ओलम्पिक में भारत को एक और पदक मिला। भारत के अमन सहरावत ने सत्तावन किलो भार वर्ग में पुरूषों के फ्री–स्टाइल कुश्ती में अपने प्रतिद्वंदी को तेरह–पांच के अंतर से हराकर कांस्य पदक जीता। अमन पेरिस ओलम्पिक खेलों में भारत के अकेले पुरूष पहलवान थे। बिजिंग ओलम्पिक खेलों से लेकर अब तक भारत ने कुश्ती में कोई न कोई ओलम्पिक पदक जरूर जीता है। भारत के लिए व्यक्तिगत स्पर्धाओं में ओलम्पिक पदक जीतने वाले अमन सबसे युवा खिलाड़ी है।

<><><><><><>

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के नेतृत्व में शुरू किया गया खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेन्टिफिकेशन –कीर्ति कार्यक्रम द्वीपसमूह में भी शुरू हो चुका है। इसका दूसरा चरण खेल मंत्री द्वारा उन्नीस जुलाई को शुरू किया गया है। इसका लक्ष्य वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में सभी राज्यों और ज़िलों को शामिल कर हर बच्चे तक खेल की पहुंच सुनिश्चित करना है और करीब बीस लाख खिलाड़ियों का आंकलन किया जाना है। साई की ओर से विभिन्न स्कूलों में शारीरिक परीक्षण और खेल विशिष्ट परीक्षण आरंभ कर दिया गया है। जो बच्चे परीक्षण में शामिल नहीं हो पाए, वे उन्नीस अगस्त को सुबह सात बजे नेताजी स्टेडियम में होने वाले सत्र में भाग ले सकते हैं। इसके बाद इक्कीस से तेईस अगस्त तक एन सी एस मिनी बे में होने वाले मेगा कीर्ति कार्यक्रम में भी भाग लिया जा सकता है। इसी तरह का कार्यक्रम निकोबार ज़िले में उनतीस अगस्त को आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय अनुसंधान संस्थान की ओर से पिछले दिनों कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्वी क्षेत्र कोलकाता के क्षेत्रीय कियान्वयन कार्यालय के सहायक निदेशक व प्रमुख निर्मल कुमार दुबे मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने दैनिक कार्यों में राजभाषा के उपयोग पर प्रकाश डाला। हिन्दी में कामकाज करने में आने वाली बाधाओं पर जानकारी देते हुए हिन्दी भाषा और इसके इतिहास पर प्रकाश डाला। प्रभारी निदेशक डॉ. जय सुंदर ने सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग और इस तरह के और कार्यशालाएं आयोजित करने पर प्रकाश डाला।

<><><><><><>

पहाड़गांव पुलिस ने बड़ी मात्रा में भारत में बनी विदेशी शराब ज़ब्त की है और इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने न्यू पहाड़गांव के शिशु मंदिर के पास एक पुराने खाली पड़े क्वार्टर के पीछे छापा मारकर शराब की ये बोतलें ज़ब्त की और आर. बाला मुरगन नामक गाराचरमा के काजू टिकरी निवासी को गिरफ्तार किया।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में स्रोत अधिकारियों की सूची कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। दावे और आपत्तियां तेरह अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे।

उधर, अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी में मंडल सहायक के पद के लिए योग्य उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है। अनुबंध के आधार पर होने वाली नियुक्ति के लिए इक्कतीस अगस्त को डीब्रेट में परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो बैचों में आयोजित की जाएगी। क्रम संख्या एक से लेकर इकहत्तर तक के उम्मीदवारों के लिए सुबह दस बजे से ग्यारह बजे और क्रम संख्या बहत्तर से एक सौ सत्ताईस के उम्मीदवारों की परीक्षा दिन में ढाई बजे से साढ़े तीन बजे तक रखी गई है। उम्मीदवारों से परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले केन्द्र में उपस्थित होने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए सोसाइटी के प्रशासनिक अधिकारी से कार्य दिवसों में सुबह आठ बजकर पैंतालीस मिनट से शाम साढ़े चार बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>